# कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश।

संख्या /टास्क फोर्स–2/ई–लॉटरी/2024–25 दिनांकःमार्च 26 ,2025

**सेवा में,**

**समस्त जिलाधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

**विषयः–आबकारी वर्ष 2025–26 हेतु आबकारी दुकानों की द्वितीय चरण की ई–लॉटरी के जनपदवार कार्यक्रम के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया,**

उपर्युक्त विषयांतर्गत अवगत कराना है कि आबकारी नीति वर्ष 2025–26 के अनुपालन में वर्तमान में आबकारी दुकानों की ई–लॉटरी हेतु आवेदन पत्र, एन.आई.सी. द्वारा विकसित ई–लॉटरी पोर्टल पर प्राप्त किये गये हैं। ई–लॉटरी का द्वितीय चरण संपूर्ण प्रदेश में दिनांक 27.03.2025 को निम्नांकित जनपदवार समय–सारिणी के अनुसार कराया जाना प्रस्तावित हैः–

| क्र.सं. | समय | जनपद का नाम |
|---|---|---|
| 1 | पूर्वाह्न 10:00 बजे से पूर्वान्ह 11:45 बजे तक | लखनऊ, कानपुर नगर, हमीरपुर, प्रयागराज, बरेली, पीलीभीत, झांसी, अलीगढ़, रायबरेली, मुजफ्फरनगर, बुलन्दशहर, आजमगढ़, कन्नौज, भदोही, बाराबंकी, सोनभद्र, जौनपुर, बांदा, मिर्जापुर, बलिया और कुशीनगर। |
| 2 | मध्यान्ह 12:00 बजे से अपरान्ह 1:45 बजे तक | गाजीपुर, फिरोजाबाद, आगरा, महोबा, गाजियाबाद शाहजहांपुर, देवरिया, सुल्तानपुर, हाथरस, लखीमपुर खीरी, अमेठी, अमरोहा, अयोध्या, सीतापुर, ललितपुर, बस्ती, चन्दौली, हरदोई, जालौन और अम्बेडकर नगर। |
| 3 | अपरान्ह 2:00 बजे से अपरान्ह 03:45 बजे तक | वाराणसी, एटा, फतेहपुर, कानपुर देहात, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, मेरठ, इटावा, हापुड़, कासगंज, प्रतापगढ़, सहारनपुर, बागपत, बिजनौर, गोरखपुर, औरैया, महाराजगंज, गौतमबुद्धनगर, बदायूं और संतकबीरनगर। |

तद्क्रम में अवगत कराना है कि प्रथम चरण की ई–लॉटरी के दौरान प्रदेश की कुल 27308 दुकानों हेतु 4 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुये थे, जिसके दृष्टिगत ई–लॉटरी हेतु विभिन्न जिलों के जिला कलेक्ट्रेट से बाहर अन्य स्थानों पर पण्डाल/हॉल में व्यवस्था करनी पड़ी थी। उल्लेखनीय है कि ई–लॉटरी के द्वितीय चरण में मात्र 617 दुकानों पर लगभग 7170 आवेदन–पत्र प्राप्त हुये है, जिसके कारण दिनांक 27.03.2025 को होने वाली ई–लॉटरी के द्वितीय चरण के दौरान ई–लॉटरी परिसर में कम आवेदकों के आने की संभावना के दृष्टिगत ई–लॉटरी संबंधित जनपद के जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में ही आयोजित कराया जाये। द्वितीय चरण की ई–लॉटरी प्रक्रिया वहां पर उपलब्ध एन.आई.सी. के Nicnet के माध्यम से करायी जाये तथा इसके साथ ही किसी भी दशा में ई–लॉटरी हेतु वाई.फाई/मोबाइल डाटा का प्रयोग न किया जाये।

अतः अनुरोध है कि कृपया उपर्युक्त जनपदवार समय–सारिणी से समस्त सम्बन्धित को अवगत कराते हुये स्वच्छ एवं पारदर्शी तरीके से ई–लॉटरी की प्रक्रिया का निष्पादन अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्गत पत्र संख्याः 30306–30381/टास्क फोर्स–2/ई–लॉटरी/2024–25 दिनांक 28.02.2025 के अनुसार कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

**(डा. आदर्श सिंह)**
आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश।

संख्या 30672 (i–xii) /टास्क फोर्स–2/ई–लॉटरी/2024–25/तद्दिनांक।

**प्रतिलिपि** निम्नलिखित की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, आबकारी विभाग, बापू भवन, लखनऊ।

**प्रतिलिपि** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. समस्त पुलिस आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त एस.एस.पी. / एस.पी. जनपद, उत्तर प्रदेश।
4. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, योजना भवन, लखनऊ।
5. श्री शैलेष कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ निदेशक (आई0टी0) एवं प्रभागाध्यक्ष, एन0आई0सी0 राज्य केन्द्र, उ0प्र0, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त कार्यक्रम को ई—लॉटरी पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
6. समस्त संयुक्त आबकारी आयुक्त, जोन, उत्तर प्रदेश।
7. समस्त उप आबकारी आयुक्त, प्रभार, उत्तर प्रदेश।
8. समस्त जिला आबकारी अधिकारी, उत्तर प्रदेश को ई—लॉटरी के द्वितीय चरण हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
9. समस्त जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
10. समस्त अनुभाग अधिकारी, मुख्यालय।
11. सेवा प्रदाता, ओएसिस साइबरनेटिक्स प्रा0लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त कार्यक्रम को विभागीय पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

(डा. आदर्श सिंह)
आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश।